# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

वन भवन – 1, हजारीबाग 825301 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (O) - 06546 -222393, Cell No. : 8987790202 E-mail: cf.hazaribagh@gmail.com


पत्रांक 13-E-5-08/2022- 238 दिनांक :– 06.02.2023

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

विषय :– **सी0सी0एल0 द्वारा चन्द्रगुप्त खुली खदान कोल परियोजना हेतु 699.38 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल अन्तर्गत 400.96 हे0 एवं हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल अन्तर्गत 298.42 हे0) वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव (संख्या–FP/JH/MIN/140599/2021) के संबंध में।**

प्रसंग :– **प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 1314 दिनांक 29.12.2022 एवं आपका ज्ञापांक 2984 दिनांक 29.12.2022 तथा ज्ञापांक 135 दिनांक 16.01.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल ने अपने पत्रांक 330 दिनांक 19.01.2023 एवं पत्रांक 533 दिनांक 02.02.2023 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा विषयक परियोजना में झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग के पत्रांक 3836 दिनांक 22.12.2022 द्वारा किये गये तीन बिन्दुओं पर पृच्छा का बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है, अनुपालन प्रतिवेदन की स्थिति निम्नवत् हैः–

| क्र.सं. | पृच्छा | अनुपालन |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावित वनभूमि के संबंध में FRA के तहत् संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र (इस क्रम में हुई बैठकों की कार्यवाही के साथ) | इस संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उपायुक्त, हजारीबाग के समक्ष आवेदन समर्पित किया गया है (छायाप्रति संलग्न अनु0–01) जो प्रक्रियाधीन है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा यह वचनबद्धता समर्पित किया गया है कि स्टेज–II अनुमोदन के पूर्व इसे समर्पित कर दिया जायेगा। (छायाप्रति संलग्न अनु0–2) |
| 2 | CWLW का मंतव्य। | वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा विस्तृत मंतव्य पार्ट–II में स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन (छायाप्रति संलग्न अनु0–3) में अंकित किया गया है।<br>जिसमें उल्लेख किया गया है कि इस क्षेत्र में बहुत सारे वन्यजीव यथा अनुसूची–I एवं II के महत्वपूर्ण प्रजाति जैसे Stripped hyena, मोर, गिद्ध, जंगली हाथी (Migratory) के अतिरिक्त अन्य बहुत सारे Vertebrates & invertebratates पाये |

| | | |
|---|---|---|
| | | जाते हैं। अतः इस परियोजना द्वारा इन पर पड़नेवाले नकारात्मक प्रभाव को कम करने हेतु एक Site Specific Wildlife Management Plan बनाना एवं उसका क्रियान्वयन आवश्यक है। |
| 3 | CA हेतु चिन्हित अवकृष्ट वनभूमि के लिए समर्पित सभी अभिलेखों में प्लॉट संख्या का मिलान करते हुए प्रतिवेदन। | वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित स्थल के प्लॉटों का सत्यापन अभिलेखों से एवं स्थल पर जाकर कर लिया गया है। मौजा लक्षुडीह एवं केन्दुआ के प्राक्कलन में अंकित प्लॉटों को सुधार कर संशोधित प्राक्कलन Online Upload कर दिया गया है जिसका हार्ड कॉपी इस पत्र के साथ संलग्न है (छायाप्रति संलग्न अनु0–4) |

अतः वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल से प्राप्त निराकरण प्रतिवेदन की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि इसमें अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक–यथोक्त**

आपका विश्वासी

6/2/2023

वन संरक्षक

प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

06.02.23

E:\F.C. Act\CCL Chandrapura 298.42 ha\13-5-08-2022.docx